Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UKPSC

## Previous Year Paper

### (Dairy Supervisor)

### 25 Feb, 2024

Teachingninja.in

## General Knowledge, General Studies and General Hindi/सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन और सामान्य हिन्दी

1. 'किस-किस का नाम सूची में है ?' – इस वाक्य में सर्वनाम के किस भेद का प्रयोग हुआ है ?
(a) निजवाचक सर्वनाम
(b) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(c) सम्बन्धवाचक सर्वनाम
(d) निश्चयवाचक सर्वनाम

2. निम्नलिखित में से कौन सा एक तत्सम शब्द है ?
(a) मयंक
(b) केंचुली
(c) उच्च
(d) कपूर

3. 'जानकी' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?
(a) की
(b) ई
(c) ईय
(d) इ

4. निम्नलिखित में से किस शब्द का सन्धि-विच्छेद अशुद्ध है ?
(a) अब्धि – अब् + धि
(b) अजन्त – अच् + अन्त
(c) स्वर्ग – स्वः + ग
(d) यशोदा – यशः + दा

5. निम्नलिखित में से कौन सा एक शब्द 'विपिन' का पर्यायवाची शब्द है ?
(a) पुष्प
(b) कान्तार
(c) वृक्ष
(d) शाखा

6. निम्नलिखित में से कौन सा एक शब्द 'तामसिक' का विलोम शब्द है ?
(a) आस्तिक
(b) सात्त्विक
(c) नास्तिक
(d) पाक्षिक

7. 'जो इन्द्रियों की पहुँच से बाहर हो' – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(a) जितेन्द्रिय
(b) अतीन्द्रिय
(c) ऐन्द्रिक
(d) अप्रमेय

8. 'अंधे की लाठी' मुहावरे का सही अर्थ है –
(a) अंधा होना
(b) लाठी लेकर चलना
(c) आँखें कमज़ोर होना
(d) एकमात्र सहारा

9. उच्चारण-स्थान के आधार पर 'फ' ध्वनि निम्नलिखित में से किस वर्ग के अन्तर्गत आती है ?
(a) जिह्वामूलीय
(b) द्वयोष्ठ्य
(c) दंत्य
(d) तालव्य

10. निम्नलिखित में से पार्श्विक ध्वनि कौन सी है ?
(a) य
(b) र
(c) ल
(d) व



Teachingninja.in

11. निम्नलिखित में से कौन 1966 में गठित प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे ?

(a) डॉ. वी.पी. राजमन्नार
(b) के. हनुमंथैया
(c) एम.सी. सीतलवाड़
(d) मोरारजी देसाई

12. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद राज्य चुनाव आयोग को पंचायतों के सभी चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन, नियंत्रण तथा संचालन की शक्ति प्रदान करता है ?

(a) अनुच्छेद 243 D
(b) अनुच्छेद 243 J
(c) अनुच्छेद 243 I
(d) अनुच्छेद 243 K

13. निम्नलिखित में से किस मामले में राज्यसभा को लोकसभा के समान शक्तियाँ प्राप्त हैं ?

(a) नई अखिल भारतीय सेवाओं का सर्जन
(b) संविधान में संशोधन करना
(c) सरकार को हटाना
(d) कटौती-प्रस्ताव करना

14. भारत के साथ निम्नलिखित पड़ोसी देशों में से कौन अपनी सबसे अधिक सीमा साझा करता है ?

(a) नेपाल
(b) चीन
(c) बांग्लादेश
(d) भूटान

15. सामाजिक वानिकी एवं पर्यावरण केन्द्र स्थित है :

(a) देहरादून में
(b) बेंगलुरु में
(c) इलाहाबाद में
(d) जबलपुर में

16. निम्न में से कौन सर्वाधिक ताप विद्युत का उत्पादक है ?

(a) मध्य प्रदेश
(b) राजस्थान
(c) उत्तर प्रदेश
(d) महाराष्ट्र

17. निम्नलिखित में से कौन सा हिमनद भारत में सबसे लम्बा है ?

(a) गंगोत्री
(b) हिस्पार
(c) सियाचिन
(d) बियाफो

18. उत्तराखंड सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान का ब्रांड अम्बेसेडर निम्न में से किसे नियुक्त किया गया है ?

(a) एकता बिष्ट
(b) अनुकृति गुसाईं
(c) रजनी धामी
(d) वन्दना कटारिया



Teachingninja.in

19. स्वदेश दर्शन योजना – 2.0 में उत्तराखंड राज्य के निम्न में से किन दो जिलों को शामिल किया गया है ?

(a) नैनीताल और हल्द्वानी
(b) चंपावत और पिथौरागढ़
(c) देहरादून और रुद्रपुर
(d) हरिद्वार और पौड़ी

20. नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन – 2023 कार्यक्रम के दौरान निम्न में से किन राज्यों ने सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड निर्माण श्रेणी में पुरस्कार जीता ?

(a) सिक्किम, राजस्थान तथा केरल
(b) कर्नाटक, गोवा तथा बिहार
(c) ओडिशा, झारखंड तथा पंजाब
(d) असम, नागालैंड तथा जम्मू एवं कश्मीर

21. सितम्बर 2023 में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जारी किये गये इंडिया एजिंग रिपोर्ट – 2023 के अनुसार, वर्ष 2050 तक भारत की निम्न में से कितनी प्रतिशत जनसंख्या के बुजुर्ग होने की संभावना है ?

(a) 25 प्रतिशत से अधिक
(b) 20 प्रतिशत से अधिक
(c) 30 प्रतिशत से अधिक
(d) 27 प्रतिशत से अधिक

22. निम्न में से कौन सा देश विश्व का सर्वाधिक शक्तिशाली लेज़र 'वल्कन 20-20' विकसित कर रहा है ?

(a) दक्षिण कोरिया
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) ताइवान
(d) यूनाइटेड किंगडम

23. 'नाक कट्टी रानी' के रूप में गढ़वाल की कौन सी रानी प्रसिद्ध हुई है ?

(a) रानी दुर्गावती
(b) रानी पद्मावती
(c) रानी लीलावती
(d) रानी कर्णावती

24. किस चन्द कालीन शासक ने रेशम उत्पादन का कार्य प्रारम्भ किया ?

(a) आत्मचंद (b) पूर्णचंद (c) संसारचंद (d) इन्द्रचंद

25. रवाई काण्ड टिहरी रियासत के किस शासक के काल की प्रमुख घटना थी ?

(a) प्रताप शाह (b) कीर्ति शाह (c) मानवेन्द्र शाह (d) नरेन्द्र शाह



Teachingninja.in

26. किस स्थान पर अकबर से चन्द राजा रुद्रचन्द ने 1588 में व्यक्तिगत रूप से भेंट की थी ?

(a) आगरा (b) दिल्ली (c) अजमेर (d) लाहौर

27. निम्न में से कौन उत्तराखण्ड की प्रणय गाथा नहीं है ?

(a) हरुहीत (b) मोतिया सेन (c) रामी बौराणी (d) गढ़ सुम्याल

28. 'रॉक आर्ट इन कुमाऊँ हिमालय' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) शिव प्रसाद डबराल (b) यशोधर मठपाल

(c) ब्रजवासी लाल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

29. उत्तराखण्ड की जाड़ जनजाति द्वारा 'लोहसर' त्योहार मनाया जाता है–

(a) बसन्त पंचमी के दिन (b) दिवाली के दिन

(c) होली के दिन (d) दशहरा के दिन

30. जनगणना, 2011 के अनुसार, निम्न में से किस जनपद में सबसे कम साक्षरता दर है ?

(a) टिहरी गढ़वाल (b) उधमसिंह नगर

(c) उत्तरकाशी (d) बागेश्वर

31. निम्न में से किस नदी पर कोटेश्वर बाँध निर्मित है ?

(a) अलकनन्दा (b) मंदाकिनी (c) पिण्डर (d) भागीरथी

32. उत्तराखण्ड के किन जनपदों में 2001-2011 के दौरान ऋणात्मक जनसंख्या वृद्धि दर्ज की गई ?

(a) पौड़ी गढ़वाल और अल्मोड़ा जनपदों में (b) पौड़ी गढ़वाल और टिहरी गढ़वाल जनपदों में

(c) अल्मोड़ा और टिहरी गढ़वाल जनपदों में (d) अल्मोड़ा और बागेश्वर जनपदों में

33. उत्तराखंड में मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना संबंधित है :

(a) महिलाओं की आजीविका से (b) बालिकाओं की छात्रवृत्ति से

(c) सुरक्षित मातृत्व से (d) महिला छात्रावास से

34. उत्तराखंड ने 2023-24 में अपने कुल व्यय का कितना प्रतिशत शिक्षा के लिए आवंटित किया है ?

(a) 14.1 प्रतिशत (b) 16.6 प्रतिशत (c) 17.5 प्रतिशत (d) इनमें से कोई नहीं



Teachingninja.in

35. निम्नलिखित में से कौन सी एक जनजाति सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से उत्तराखण्ड की एक सबसे पिछड़ी जनजाति है ?

(a) भोटिया (b) जौनसारी (c) थारू (d) राजी

36. उत्तराखंड में 'मेरा गाँव, मेरा धन' योजना की शुरूआत कब की गई ?

(a) 2012 (b) 2013 (c) 2014 (d) 2016

37. नीचे दिए गये कथनों से तार्किक रूप से कौन सा निष्कर्ष निकलता है :

कथन : कुछ राजा, रानियाँ हैं ।

सभी रानियाँ सुन्दर हैं ।

निष्कर्ष : I. सभी राजा सुन्दर हैं ।

II. सभी रानियाँ, राजा हैं ।

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है ।
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है ।
(c) दोनों निष्कर्ष I व II निकलते हैं ।
(d) न निष्कर्ष I न ही निष्कर्ष II निकलता है ।

38. नीचे दी गई संख्या शृंखला में, कौन सी संख्या सम्बन्धित नहीं है ?

2, 8, 20, 44, 92, 184, 380

(a) 44 (b) 92 (c) 184 (d) 380

39. नीचे कुछ संख्याएँ दी गई हैं :

517, 325, 639, 841, 792

प्रत्येक संख्या के अंकों का स्थान उल्टा करने के बाद प्राप्त संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर ऊपर से तीसरी संख्या का इकाई का अंक क्या होगा ?

(a) 2 (b) 3 (c) 5 (d) 7

40. 60 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, जहाँ लड़कियों की संख्या लड़कों की संख्या से दोगुनी है, कमल का स्थान ऊपर से सत्रहवाँ है । यदि नौ लड़कियाँ कमल से आगे हैं, तो कमल के बाद कितने लड़के हैं ?

(a) 3 (b) 7 (c) 12 (d) 13

41. किसी पुरुष की ओर इशारा करते हुए, एक महिला कहती है, "उसकी माँ, मेरी माँ की इकलौती पुत्री है ।" महिला, पुरुष से किस प्रकार सम्बन्धित है ?

(a) माँ (b) पुत्री (c) बहन (d) दादी



Teachingninja.in

42. निम्नलिखित में से कौन सी दूसरी पीढ़ी की कम्प्यूटर भाषा नहीं है ?

(a) फोर्ट्रॉन (b) एलगोल (c) सी# (d) कोबोल

43. एक पतले तार की मोटाई किसके द्वारा मापी जा सकती है ?

(a) वर्नियर कैलिपर्स से (b) पेंच मापी से
(c) अनुनाद नली से (d) स्फेरोमीटर से

44. मानव खोपड़ी कितनी हड्डियों से बनी होती है ?

(a) 08 हड्डियों से (b) 14 हड्डियों से (c) 22 हड्डियों से (d) 24 हड्डियों से

45. किशमिशों को पानी में रखने पर कुछ समय में फूल जाती हैं, यह प्रक्रिया कौन सी है ?

(a) विसरण (b) अन्त:परासरण (c) बहि:परासरण (d) अन्त:शोषण

46. कौटिल्य ने मौर्यकाल में कितने प्रकार के दासों का वर्णन किया है ?

(a) 4 (b) 7 (c) 9 (d) 10

47. मुगलकाल में 'मुजरियान' शब्द का प्रयोग हुआ है –

(a) कृषकों के लिये (b) दासों के लिये (c) गुप्तचरों के लिये (d) व्यापारियों के लिये

48. निम्न में से किसे 'बंगाल आर्मी की पौधशाला' कहा जाता था ?

(a) मुर्शिदाबाद (b) मुँगेर (c) दिल्ली (d) अवध

49. निम्नलिखित में से किसने कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन के प्रतिनिधियों को एक उद्यान भोज में आमंत्रित किया था ?

(a) ह्यूम (b) मिन्टो (c) डफरिन (d) चेम्सफोर्ड

50. प्रारूप समिति के विचारार्थ संविधान का प्रथम प्रारूप प्रस्तुत करने का श्रेय निम्नलिखित में से किसे प्राप्त है ?

(a) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (b) बी.एन. राव
(c) एच.वी. कामथ (d) के.एम. मुंशी



Teachingninja.in

## भाग-2

## विषय आधारित

51. निम्न में से दुग्ध दोहन की कौन सी विधि छोटे थन वाले पशुओं में प्रयोग में लाई जाती है ?
(a) अंगूठा दबाकर दोहन
(b) चुटकी द्वारा दोहन
(c) मुट्ठी द्वारा दोहन
(d) इनमें से कोई नहीं

52. भारतीय नस्ल की गायों में विदेशी नस्ल की गायों की तुलना में
(a) बीमारी सहन करने की क्षमता अधिक है।
(b) गर्मी सहन करने की क्षमता अधिक है।
(c) दुग्ध उत्पादकता कम है।
(d) उपरोक्त सभी

53. भ्रूण स्थानान्तरण तकनीक प्रजनन हेतु सामान्यतः प्रयुक्त न होने का कारण है
(a) अत्यन्त महँगा होना
(b) अधिक श्रम की आवश्यकता
(c) कई चरणों में होना
(d) उपरोक्त सभी

54. निम्न में से कौन सा कच्चे दूध पर किया जाने वाला रैपिड प्लेटफार्म परीक्षण नहीं है ?
(a) आपेक्षिक घनत्व
(b) उबालने पर थक्का जमना
(c) मानक प्लेट गणना
(d) अनुमापन योग्य अम्लता

55. मक्का के दानों में कुल पचनीय पोषण कितना होता है ?
(a) 35 प्रतिशत
(b) 50 प्रतिशत
(c) 62 प्रतिशत
(d) 85 प्रतिशत

56. दूध का परिवहन किन पर निर्भर करता है ?
(a) दूध की मात्रा पर
(b) एकत्रण की दूरी पर
(c) स्थानीय परिस्थितियों पर
(d) उपरोक्त सभी

57. निम्न में से प्रसव के बाद गायों में होने वाली बीमारी कौन सी है ?
(a) दुग्ध ज्वर
(b) कीटोसिस
(c) यह दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

58. गायों के मदचक्र की विभिन्न अवस्थाओं में सबसे कम अवधि किसकी होती है ?
(a) पूर्व-मदकाल
(b) मदकाल
(c) अन्त मदकाल
(d) पश्च मदकाल

59. गौ पशुओं के राशन की गणना में शुष्क द्रव्य हेतु चारे एवं दाने का अनुपात क्या होना चाहिये ?
(a) $\frac{1}{2}$ चारा और $\frac{1}{2}$ दाना
(b) $\frac{1}{4}$ चारा और $\frac{3}{4}$ दाना
(c) $\frac{2}{3}$ चारा और $\frac{1}{3}$ दाना
(d) $\frac{3}{4}$ चारा और $\frac{1}{4}$ दाना



Teachingninja.in

60. बछड़े को किस अनुपात में खीस पिलाया जाता है ?

(a) शरीर भार का $\frac{1}{10}^{th}$ (b) शरीर भार का $\frac{1}{15}^{th}$

(c) शरीर भार का $\frac{1}{20}$ (d) शरीर भार का $\frac{1}{25}$

61. भारतीय घास एवं चारा अनुसंधान संस्थान किस शहर में स्थित है ?

(a) हिसार (b) मथुरा (c) बरेली (d) झाँसी

62. भारत कौन सी पशु बीमारी से मुक्त है ?

(a) रेबीज़ (b) एन्थ्रेक्स (c) रिण्डर पेस्ट (d) ट्यूबरकुलोसिस

63. निम्नलिखित रसायनों में से किस रसायन का प्रयोग बछड़ों में रासायनिक विधि द्वारा विशृंगीकरण में किया जाता है ?

(a) सोडियम क्लोराइड (b) सोडियम नाइट्राइट

(c) कास्टिक पोटाश (d) कैल्सियम क्लोराइड

64. निम्न में से किसके उत्पादन में दूध की सबसे ज्यादा मात्रा का उपयोग किया जाता है ?

(a) पनीर (b) घी (c) दही (d) आइसक्रीम

65. निम्नलिखित में से किसको भारतीय गाय की दुधारू प्रजाति माना जाता है ?

(a) गिर (b) कांकरेज (c) कंगायम (d) इनमें से कोई नहीं

66. जैबु कैटल (भारतीय गायों) में प्रत्येक 2.5 कि.ग्रा. दुग्ध उत्पादन के लिये कितनी मात्रा में अतिरिक्त सान्द्र आहार की आवश्यकता होती है ?

(a) 0.50 कि.ग्रा. (b) 0.75 कि.ग्रा. (c) 1.00 कि.ग्रा. (d) 2.00 कि.ग्रा.

67. दूध में मिलावट हेतु मिलाये जाने वाला सबसे प्रचलित पदार्थ क्या है ?

(a) विटामिन (b) मिनरल (c) पानी (d) यूरिया

68. निम्न में से कौन सी बीमारी जूनोटिक बीमारी नहीं है ?

(a) ब्रुसिलोसिस (b) रेबीज़

(c) ट्यूबरकुलोसिस (d) दुग्ध ज्वर

69. निम्न में से कौन सी भैंस की प्रजाति नहीं है ?

(a) मुर्रा (b) भदावरी (c) जाफराबादी (d) हल्लीकर

Teachingninja.in

70. स्टार्टर राशन (खाद्य पदार्थ) में प्रोटीन होता है –

(a) कम (b) ज्यादा (c) थोड़ा (d) नहीं

71. भारतीय गाय की कौन सी नस्ल द्वीकाजी नस्ल है ?

(a) हरियाना (b) साहीवाल (c) गिर (d) रेड सिंधी

72. निम्न में से कौन सा उगाया जाने वाला चारा अनाज नहीं है ?

(a) जई (b) बरसीम (c) बाजरा (d) मक्का

73. मादा सेक्स हार्मोन प्रोजेस्टीरोन निम्न में से किसके द्वारा स्रावित किया जाता है ?

(a) एण्डोमेट्रियम
(b) सर्विक्स
(c) अण्डाशय के कोर्पस ल्युटियम से
(d) अण्डाशय के सेकन्ड्री फोलीकिल द्वारा

74. साँड़ में स्खलन के द्वारा प्राप्त वीर्य की औसत मात्रा कितनी होती है ?

(a) 0.6 मि.ली. (b) 6 मि.ली. (c) 60 मि.ली. (d) 160 मि.ली.

75. पाश्च्युराइजेशन के बाद दूध को तुरंत ठंडा किया जाता है

(a) 10 °C से कम (b) 10 – 20 °C (c) 20 – 30 °C (d) 30 – 40 °C

76. तनुकृत वीर्य का इक्यूलिब्रेशन निम्न तापमान पर किया जाता है :

(a) 0 °C (b) 5 °C (c) 10 °C (d) 15 °C

77. दुग्ध में लैक्टोस को क्या कहते हैं ?

(a) दुग्ध शर्करा (b) दुग्ध प्रोटीन (c) दुग्ध चर्बी (d) दुग्ध एन्ज़ाइम

78. थायामीन ________ का दूसरा नाम है ।

(a) विटामिन-बी$_6$ (b) विटामिन-बी$_2$ (c) विटामिन-बी$_{12}$ (d) विटामिन-बी$_1$

79. जेबू मवेशी गाय की विशेषता कौन सी है ?

(a) बड़ा कुबड़
(b) लंबा चेहरा, सीधे सींग और झुके हुए कान
(c) पतले पैर और गर्दन के नीचे ढीली त्वचा
(d) उपरोक्त सभी



Teachingninja.in

80. लैक्टोमीटर का उपयोग निम्न में से किसका पता लगाने के लिए किया जाता है ?
(a) दुग्ध में पानी की मिलावट
(b) घी में वनस्पति घी की मिलावट
(c) दुग्ध में न्यूट्रालाइजर की मिलावट
(d) दुग्ध में डिटर्जेंट की मिलावट

81. गिर किसकी नस्ल है ?
(a) गाय (b) भैंस (c) बकरी (d) भेड़

82. निम्नलिखित में से कौन सा हार्मोन अग्न्याशय (पेन्क्रियाज) से स्रावित होता है ?
(a) ऑक्सीटॉसिन (b) इन्सुलिन (c) ऐड्रिनलीन (d) यह सभी

83. गाय में मदचक्र की औसत लंबाई कितने दिन की होती है ?
(a) 21 दिन (b) 16 दिन (c) 30 दिन (d) 11 दिन

84. गाय में गर्भकाल की औसत अवधि कितनी होती है ?
(a) 336 दिन (b) 282 दिन (c) 316 दिन (d) 391 दिन

85. निम्न में से किस जानवर का पेट चार भागों में बँटा होता है ?
(a) गाय (b) घोड़ा (c) कुत्ता (d) सूअर

86. सामान्यत: मक्खन में वसा की मात्रा कितनी होती है ?
(a) 81 प्रतिशत (b) 20 प्रतिशत (c) 99.8 प्रतिशत (d) 31.2 प्रतिशत

87. उत्तराखण्ड को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के दुग्ध उत्पाद का ब्राण्ड नाम क्या है ?
(a) पराग (b) आँचल (c) मदर डेरी (d) सरस

88. दूध में कितने प्रतिशत पानी होता है ?
(a) 84 – 86.4 (b) 60.02 (c) 50.65 (d) 92.86

89. भारत में श्वेत क्रांति के पिता के रूप में किनको जाना जाता है ?
(a) हरबर्ट मेयर (b) वर्गीज कुरियन (c) अमृता पटेल (d) एम.एस. स्वामीनाथन

90. साइलेज बनाने के लिये सबसे उत्तम फसल कौन सी है ?
(a) मक्का (b) लोबिया (c) रिजका (d) यह सभी



Teachingninja.in

91. निम्न में से नर जनन तंत्र का सहायक लैंगिक अंग कौन सा है ?

(a) मूत्रनली (b) शिश्न (c) प्रोस्टेट ग्रंथि (d) अधिवृषण

92. बहुत अच्छी श्रेणी के कच्चे दूध में जीवाणु संख्या प्रति मि.ली. कितनी होती है ?

(a) 2,00,000 से अधिक नहीं (b) 2,00,000 से 10,00,000 के बीच
(c) 10,00,000 से 50,00,000 के बीच (d) 50,00,000 से अधिक

93. गाय की किस नस्ल में मुड़े हुए छोटे पत्ते के समान लटके हुये लम्बे कान होते हैं ?

(a) गिर (b) साहीवाल (c) थारपारकर (d) देवनी

94. भैंस का औसत गर्भकाल कितना है ?

(a) 290 दिन (b) 270 दिन (c) 310 दिन (d) 330 दिन

95. निम्न में से किस सूक्ष्म खनिज की कमी से एनीमिया हो सकता है ?

(a) लोहा (b) ताँबा (c) कोबाल्ट (d) इन सभी

96. पशुओं की पहचान हेतु निम्न में से कौन सी दागने की विधि अपनाई जाती है ?

(a) गर्म लोहे से दागना (b) ठण्डे लोहे से दागना
(c) रासायनिक पदार्थों से दागना (d) उपरोक्त सभी

97. पशु आवास के बाहर, सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में व्यायाम करवाने से पशुओं को कौन सा विटामिन मिलता है ?

(a) विटामिन-A (b) विटामिन-D (c) विटामिन-C (d) विटामिन-E

98. सामान्यतः गाय को ब्याने के कितने घंटों बाद तक जेर को गिरा देना चाहिये ?

(a) 2-4 घंटे (b) 8-12 घंटे (c) 12-18 घंटे (d) 15-18 घंटे

99. निम्न में से कौन सा चारा जीवन-निर्वाह प्रकार का चारा है ?

(a) बरसीम (b) ज्वार (c) रिजका (d) लोबिया

100. बछड़ों को काफ स्टार्टर आहार निम्न उम्र से दिया जाता है :

(a) 10वें दिन (b) 15वें दिन (c) 25वें दिन (d) 30वें दिन



Teachingninja.in